तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 13 मई 2024

12 अक्षय तृतीया पर्व पर ठाकुर देव की पूजा ...



12 कायतपाली में टंकी तैयार लेकिन, अब तक...





## खबर संक्षेप

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम बनसिवनी के नीम चौक के पास मारपीट का मामला सामने आया है। महासमुंद पुलिस ने बताया कि प्रार्थी भुनेश्वर ध्रुव पिता केजूराम ध्रुव (39) निवासी सोरिद के साथ आरोपी गुदासू ध्रुव ग्राम सोरिद ने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 452 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### तार घेरा की बात को लेकर विवाद

**महासमुंद।** ग्राम छिंदपाली में बाड़ी में तार घेरा की बात को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। सरायपाली थाना अंतर्गत इस मामले में प्रार्थी गोपीनाथ चौहान पिता सहदेव चौहान (50) निवासी छिंदपाली ने बताया कि बाड़ी में तार घेरा की बात को लेकर आरोपी खिरोद बारिक पिता हाड़ू बारिक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, डंडा से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी है। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### नवविवाहिता की मौत के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में उसके पति और सास के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गायत्री ओगरे पति संतु ओगरे (27) को आरोपी पति संतु ओगरे पिता बुधारू ओगरे व सास पार्वती बाई पति हिरदे रात्रे निवासी वार्ड नं 12 मंडी पारा द्वारा दहेज में मोटर साइकिल नहीं लाई है कहते हुए प्रताड़ित किया जाता था। इस प्रताड़ना से तंग अगर महिला ने शादी के 15 दिन बाद ही अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 304 बी, 306, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# नहीं रूक रहा ऑनलाइन ठगी का सिलसिला, लाखों गंवा रहे लोग

## एक बार फिर एलईडी लाइट बनाने के नाम पर 4.40 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महासमुंद, बागबाहरा, तेंदूकोना के लोगों से लाखों की ठगी के मामले सामने आए, नए पैतरे आजमा कर रहे ठगी

जिले में लोगों से ऑनलाइन ठगी का सिलसिला थम नहीं रहा है। जरा सी चूक या लापरवाही के चलते लोगों के खाते से रकम फ्राड लोगों के हाथों में चली जा रही है। पिछले दिनों महासमुंद, बागबाहरा, तेंदूकोना के लोगों से लाखों की ठगी के मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें एक से कृषि दवा बिक्री के नाम 18 लाख रुपए, तो एक व्यक्ति ने लोन में सब्सिडी मिलने के लालच में आकर, तो एक ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपए गंवा दिए। ताजा मामले में एलईडी लाइट बनाने के नाम पर बागबाहरा के एक व्यक्ति से 4.40 लाख रुपए की ठगी हो गई।

एलईडी लाइट बनाने के नाम पर एक व्यक्ति से 4.40 रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। मामले में प्रार्थी ने बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म कराया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सूरज सिंह ठाकुर पिता प्रहल्लाद सिंह ठाकुर (38) निवासी वार्ड नं 12 तेंदूलोथा के साथ मो.नं. 7702114984, 9908114984, 6232748279 के धारकों ने 10 नवंबर 2023 को एलईडी लाइट बनाने के नाम पर 4,40,500 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।




### पहले भी आए ये मामले

बीते दिनों विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें शेयर बाजार में लाभ दिलाने का झांसा देकर महासमुंद निवासी लोकेश्वर सिन्हा से 30 लाख रुपए, बागबाहरा में प्रकाश कुर्रे को लोन दिलाने के नाम पर एक लाख 70 हजार रुपए और तेंदूकोना के भुरकोनी निवासी यशवंत चतुर्वेदी के क्रेडिट कार्ड को अपडेट करने का झांसा देकर 43 हजार रुपए और महासमुंद के प्रवीण खन्ना से कृषि दवा, खाद बिक्री के नाम पर 18 लाख की ठगी के मामले थाने में दर्ज किए जा चुके हैं।

## राहत : ग्रामीणों को मिली राहत, गंदे पानी से थे डेढ़ माह से परेशान

# पूर्व निर्धारित स्थल में ही नाली निर्माण कार्य शुरु होने पर चक्काजाम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर से निकलने वाले गंदा पानी के

- एसडीएम ने अयोध्या नगर की ओर नाली बनाने के दिए निर्देश

जमा होने और गंदगी फैलने से परेशान परसदा के आश्रित ग्राम तुमाडबरी निवासियों की समस्या का समाधान करने नाली को डायवर्ट किए जाने की तैयारी के साथ शनिवार को इसका कार्य भी शुरु हो गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने अयोध्या नगर की ओर नाली बनाए जाने के निर्देश दिए साथ ही आने वाली रुकावटों पर भी प्रशासन सख्ती के मूड में है।

बता दें कि शिकायत के बाद पालिका अमला मौके पर पहुंचा फिर प्रशासनिक अमले ने भी इस गंभीर समस्या पर सुध लेते हुए तत्काल गंदा पानी के निपटान के लिए नाली को मोड़े जाने के निर्देश देते हुए त्वरित निर्माण कार्य भी शुरु करा दिया गया। बता दें कि ग्रामीणों ने आज इस समस्या को लेकर चक्काजाम की चेतावनी दी। सरपंच वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि चक्काजाम की चेतावनी के बाद प्रशासन ने सुध ली और कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम भी मौका जांच में पहुंचे। इस दौरान नाली को परिवर्तित करने में आ रही बाधाओं के संबंध में नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने जानकारी दी। जिसके बाद प्रशासन ने अयोध्या नगर में नाली के लिए पूर्व में ही तय किए गए स्थान पर कड़ाई बरतते हुए नाली निर्माण के निर्देश दिए।



### ये है पूरा मामला

ग्राम पंचायत परसदा (ब) के आश्रित ग्राम तुमाडबरी के ग्रामीण पालिका क्षेत्र के नयापारा वार्ड नंबर 04 एवं 05 से निकलने वाले गंदा पानी से परेशान थे। गंदा पानी पहले दूसरी ओर जा रहा था उसे तुमाडबरी की ओर डायवर्ट कर दिया गया। जिसके कारण तुमाडबरी बस्ती में गंदा पानी जमा हो गया है। इससे व्यापक रूप से गंदगी फैल चुका है। बहुत ज्यादा मच्छर एवं मक्खी पनप रहे है। कोई भी पेयजल स्त्रोत कुआ, हैंडपंप, बोर का पानी पीने लायक नहीं रहे। ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने लगा और मलेरिया, डायरिया, बुखार, उल्टी दस्त जैसे गंभीर बीमारियों से शिकायतें प्रारंभ हो गई।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में 4 अप्रैल 2024 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी महासमुंद को पत्र देकर अवगत कराया गया था। वहीं 7 मई को कलेक्टर के समक्ष ग्रामवासियों द्वारा आवेदन पत्र दिया था।

### आज नही होगा चक्काजाम

सरपंच वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि तुमाडबरी में फैली गंदगी एवं पेयजल संकट के कारण ग्रामवासी में भारी आक्रोश था। उचित निराकरण होने और निर्माण कार्य शुरु होने के कारण 13 मई को सुबह प्रस्तावित चक्काजाम का निर्णय सर्वसम्मति के बाद वापस ले लिया गया है।

## सट्टे से जुड़ा कैश होने की सूचना पर 3 जगहों पर पुलिस की दबिश, मिला कुछ नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सट्टे से जुड़े काले कारोबार के संदेह

- अपुष्ट खबरों पर छापामार कार्रवाई को लेकर व्यापारी जगत में नाराजगी भी, मामले में पुलिस भी खामोश

में पुलिस ने जिले के पिथौरा में तीन व्यापारियों के यहां छापामार कार्रवाई तो की। लेकिन, कुछ भी हाथ नही लगने से पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। वहीं संबंधित व्यापारियों सहित अन्य कारोबारियों में इस बात को लेकर आक्रोश है। स्थानीय लोगों की मानें तो ऐसा होने के संबंधितों की छबि धूमिल हुई है।

बता दें कि रविवार को सुबह पुलिस दल बल के साथ पिथौरा के तीन व्यापारियों के यहां एक साथ छापामार कार्रवाई करने पहुंचे। पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम को सट्टे के काले कारोबार से जुड़े कैश होने की सूचना मिली थी। जिन व्यापारियों के यहां पुलिस ने दबिश दी उनमें पिथौरा के गोविंदराम में आशीष कुमार अग्रवाल ज्वेलर्स के संचालक गोविंद अग्रवाल के निवास, श्री ज्वेलर्स के संचालक रमाशंकर तिवारी के निवास और श्रृंगारिका फैंसी स्टोर्स के संचालक आनंद अग्रवाल का निवास शामिल है। पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे छापा मारा था, जो सुबह 10 बजे तक कार्रवाई जारी रही। इन व्यापारियों के घर पर पुलिस को कुछ भी नहीं मिला, तो टीम को बैरंग लौटना पड़ा। इधर, छापामारी के संबंध में स्थानीय पुलिस सहित अफसर भी बोलने से बचते नजर आ रहे हैं।

## बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी थाना अंतर्गत मेन रोड ग्राम डूमरडीह में बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी मनीष चंद्राकर पिता टीकम लाल चंद्राकर (45) ने शिकायत की है कि आरोपी अंबे ट्रैवल्स की बस क्र सीजी 17 केआर 9519 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार सीजी 11 बीई 6372 को ठोकर मारकर दिया। वहीं दूसरे मामले में सिंघोड़ा थाने में प्रार्थी कपिलाश विशाल पिता संतोष विशाल (37) निवासी कस्तूराबहाल ने पुलिस को बताया कि आरोपी इनोवा कार सीजी 10 एएच 4915 के चालक ने नेशनल हाइवे 53 सागरपाली चौक के पास उसके चाचा कमल विशाल की बाइक सीजी 06 जीएस 4232 को टक्कर मार दिया। इन मामलों में पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।




### शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने तहसील ऑफिस के पास शराब पिलाने की सुविधा दे रहे आरोपी अनकराम यादव पिता गैंदराम यादव (65) निवासी लुकूपाली के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# छग स्टेट सीनियर ओपन व वूमेन फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप पिथौरा में 7 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से पिथौरा के अग्रसेन भवन में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला व पुरुष की राज्य चयन स्पर्धा कराई जाएगी।

राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य की प्रतिष्ठित सीनियर स्पर्धा है, जिसे ऑल इंडिया चेस फेडरेशन द्वारा फीडे रेटिंग की मान्यता दी गई है। इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश की टीम बनेगी। जिसमें महिला व पुरुष वर्गो से अलग-अलग टॉप 4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चयन स्पर्धा के लिए किया जाएगा। हेमंत ने आगे स्पर्धा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य चयन स्पर्धा 9 चक्रों में अंतरराष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ के नाम से एआईसीएफआईडी, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ से 2024 का जीवित पंजीयन आवश्यक है। स्पर्धा के लिए विस्तृत जानकारी के लिए खिलाड़ी राज्य शतरंज संघ द्वारा जारी ब्रोशर अथवा वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है। स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा।

स्पर्धा में कुल 85000 रुपए की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। मुख्य पुरस्कार के तहत पहला 12000 व ट्रॉफी, दूसरा 10000 व ट्रॉफी, तीसरा 8000 व ट्रॉफी, चौथा 6000 व ट्रॉफी , पांचवां से छठवां तक 4000-4 000 व मेडल तथा सातवां से दसवां तक 2000 - 2000 व मेडल प्रदाय किया जाएगा। वुमैन कैटेगरी में पहला 7000 व ट्रॉफी, दूसरा 5000 व ट्रॉफी, तीसरा 4000 व ट्रॉफी तथा पांचवां से आठवां तक 2000-2000 व मेडल। इसके अलावा विशेष पुरस्कार के अंतर्गत बेस्ट महासमुंद को 2000 व मेडल, बेस्ट बस्तर संभाग 2000 व मेडल, बेस्ट सरगुजा संभाग 2000 व मेडल, बेस्ट वेटरन 2000 व मेडल, स्पेशली एबल 2000 व मेडल, यंगेस्ट प्लेयर 2000 व मेडल विजेताओं को इनाम स्वरूप दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए 1000 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। सरगुजा व बस्तर संभाग के खिलाड़ियों के लिए एंट्री फीस में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी गई है। स्पर्धा फीडे रूल्स के तहत स्विस पद्धति से खेली जाएगी। जिसमें प्रत्येक खिलाड़ियों को टाइम कंट्रोल के तहत 60-60 मिनट व प्रत्येक चाल में 30 सेकंड की इंक्रीमेंट दिए जाएंगे।

स्पर्धा के दरमियान निर्धारित समय पर खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल में रहना अनिवार्य है। अगर कोई खिलाड़ी 15 मिनट विलम्ब से पहुंचता है तो उनके अपोनेंट को वॉक ओवर दे दिया जाएगा। स्पर्धा संबंधी अन्य किसी आवश्यक जानकारी के लिए हेमंत खुटे, टेक्निकल हेल्प व राज्य संघ से पंजीयन के लिए रॉकी देवांगन तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से नए पंजीयन या नवीनीकरण के लिए ओमप्रकाश से खिलाड़ी उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर खिलाड़ी अपनी समस्या का निराकरण कर सकते हैं।



## दुष्कर्म का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ तेंदूकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गुलाब ध्रुव नयापारा पिथौरा ने प्रार्थी की बहन शादी का प्रलोभन देकर करीब पांच महीने पूर्व जंगल की ओर लेकर दुष्कर्म करने के बाद हर 15 दिन में अलग-अलग स्थानों में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। साथ ही धोखे से अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2) (ढ) के अलावा 4, 6 पॉक्सो एक्ट, 67, 67 ए, 67 बी आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम रेवा में मर्डर का मामला, नाबालिग को बाल सप्रेषण गृह भेजा

# महेश मर्डर केस में 4 गिरफ्तार, एक नाबालिग भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम रेवा में महेश मर्डर केस में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 302, 307, 201 एवं 34 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से तीन को रिमांड पर जेल एवं नाबालिग को बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार सेवाती निवासी महेश धृतलहरे (35) 7 मई की सुबह घर से निकला और देर रात तक घर नहीं पहुंचा। अगले दिन सुबह उसके परिजनों ने पुलिस को इसकी खबर दी। इसी बीच ग्राम रेवा के कोटवार ने नदी के किनारे एक नालानुमा गीली मिट्टी से पटी जगह और आस-पास खून के निशान की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लगभग डेढ़ फीट गड्ढे से युवक का शव बाहर निकाला। मृतक के सिर पर चोट के गहरे निशान थे। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानकर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक का हार्वेस्टर से धान कटाई की राशि को लेकर गांव के ही संजू देवांगन उर्फ टिकेश्वर (33) और उसके साथियों के साथ से विवाद हुआ था। संदेह के आधार पर पुलिस ने टिकेश्वर सहित अमन देवांगन (20), कोमल ऊर्फ विक्की चंद्राकर (19) और बालक को अभिरक्षा में



लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने गोलमोल जबाव दिया। जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि मृतक से पुरानी रंजिश और हार्वेस्टर से धान कटाई की पुराना बकाया राशि को लेकर हाथ-मुक्का एवं डंडा से मारपीट से मृत्यु होना बताया। पुलिस ने बताया कि महेश धृतलहरे की हत्या के बाद उसके शव को बाइक में बांधकर करीबन 100 मीटर तक घसीट कर जोंक नदी के किनारे ढोड़की (नालानुमा) में गड्डा खोदकर दफना दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा, रस्सी, रांपा आदि सामान आरोपियों की निशानदेही पर संजू के घर की बाड़ी के पीछे बरामद किया है। इसके अलावा हार्वेस्टर, दो बाइक भी पुलिस ने जब्त कर ली है। उक्त कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पु.) बागबाहरा यूलैंडन यार्क, थाना प्रभारी बागबाहरा निरीक्षक प्रवीण चौहान सउनि जनक लाल पटेल, प्रआर राजेश मिश्रा आरक्षक मेहत्तर साहू, एकलब्य बैस, जितेंद्र ध्रुव, इंद्रजीत साहू, नूतेंद्र साहू, वीरेंद्र तिवारी का योगदान रहा।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय प्रीतम प्राईडे काम्पलेक्स, महासमुंद (छ.ग.)

मो. 9098324969

## खबर संक्षेप



### 10वीं के टॉपर आयुष ने बढ़ाया सोनकर समाज का गौरव

**रायपुर।** दसवीं बोर्ड में सोनकर समाज के आयुष ने टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त समाज का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सोनकर ने बताया कि आयुष नारी राज इकाई के मंदरोड निवासी राजेश सोनकर के सुपुत्र हैं। दसवीं बोर्ड में 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त कर सोनकर समाज को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर समाज के प्रदेश सलाहकार तामेश्वर सोनकर, बोधी सोनकर, भागी सोनकर ने आयुष के वर्तमान निवास इंदिरा नगर कुरुद पहुंचकर पुष्पहार पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाते हुए सम्मानित किया।

### दसवीं में ज्योति को मिले 91.83 प्रतिशत अंक

**रायपुर।** अमलीडीह छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय अमलीडीह में अध्ययनरत विद्यार्थी ज्योति सेन पिता सरजू सेन ने 600 में 551 अंक पाकर 91.83 प्रतिशत के साथ कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि आज मेरा प्राप्तांक इतना अच्छा केवल मेरे शिक्षकों के सुनियोजित शिक्षण और उनके द्वारा मेरे प्रति सहयोग है।

### भरी गर्मी में फैब्री वार्ड बना सफेद हाथी

**रायपुर।** कोरोनाकाल में मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में बनवाया गया फ्रैबी वार्ड सफेद हाथी साबित हो चुका है। वार्ड निर्माण के बाद से लेकर अब तक इसका किसी तरह का उपयोग नहीं हो पाया है। उस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने लाखों रुपए खर्च कर इस कक्ष का निर्माण कराया था, मगर सामान्य गर्मी में एल्युमीनियम प्लेट की यह चादर गर्म हो जाती है, जिसकी वजह से वहां इलाज कराना तो दूर, कुछ देर भीतर बैठना भी मुश्किल है। कोरोना की दूसरी लहर की समाप्ति के दौरान बनाए गए इस फ्रैबी वार्ड के अस्तित्व पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### सड़क हादसे में बैंक मैनेजर की मौत, पत्नी-बच्ची सहित चार घायल



**धमतरी।** वीकेण्ड में अपने घर लौट रहे बैंक मैनेजर की कार श्यामतराई बायपास तिराहा के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। इस घटना में कार चला रहे बैंक मैनेजर की मौत हो गई है। वहीं कार में सवार पांच में चार लोग घायल हो गए है। शुक्रवार की देर रात्रि श्यामतराई बायपास तिराहा के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें आकाश पटनायक पिता सनत पटनायक उम्र 34 वर्ष मूल निवासी कृष्ण गार्डन सेजवन थाना खंडाल गिरी जिला खुरदा उड़ीसा निवासी नेहर नगर भिलाई स्थित एक्सिस बैंक में मैनेजर था। जिसका सप्ताह भर पहले प्रमोशन हुआ था। वीकेंड में दो दिन का अवकाश मिलने पर आकाश अपनी पदोन्नति खुशी को परिवार के साथ मनाने के लिए शुक्रवार की रात्रि अपनी पत्नी जाली पटनायक व बेटी अशिमा पटनायक सहित बैंक के तीन स्टाफ के साथ कोरापुट उड़ीसा जाने के लिए कार क्रमांक ओडी 02 सीसी 1695 से भिलाई से निकले थे। कार में बैंक स्टाफ बापन साहू, आशीष साहू व विवेक सहित कुल 6 लोग सवार थे। शुक्रवार की देररात्रि कार गुंडरदेही होते धमतरी पहुंची। कार को सिहावा चौक होते हुए नगरी मार्ग से जाना था। कार बैंक मैनेजर आकाश पटनायक चला रहा था। रत्नाबांधा चौक पहुंचने पर कार रास्ता भटककर श्यामतराई की तरफ गया। जहां बायपास तिराहा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर कर पलट गई।

# मां तुझे सलाम... संतान की दीर्घायु की खातिर जोखिम उठाकर दे दी किडनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

बच्चों की खातिर मां हर जोखिम उठाने को तैयार रहती है। संतान की खातिर वह कुछ भी कर सकती है फिर चाहे स्वयं की जान जोखिम में डालने की बात ही क्यों ना हो। एम्स में पिछले सालभर से होने वाले लाइव ट्रांसप्लांट में संतान की दीर्घायु की खातिर किडनी देने वालों में सबसे अधिक संख्या मां की है।

मां के जैसा कोई नहीं, इसे चरितार्थ करने के अनेकों उदाहरण हैं, जिनमें एम्स में होने लाइव किडनी प्रत्यारोपण के केस भी शामिल हैं। एम्स में अब तक दो दर्जन से अधिक किडनी प्रत्यारोपित की गई हैं, जिनमें से करीब बीस मामले लाइव ट्रांसप्लांट के हैं, जिसमें 80 फीसदी मामलों में मां ने अपने जिगर के टुकड़ों को किडनी देकर दूसरी बार जीवन प्रदान किया है। हरिभूमि टीम ने ऐसी ही कुछ ममतामयी मां और उनके बेटे से चर्चा की..।



### ब्रेन हेमरेज जैसी बीमारी से बचाया

कोरबा में रहने वाली 25 साल की लड़की किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थी और तत्काल दूसरी किडनी नहीं लगाए जाने पर उसे ब्रेन हेमरेज अथवा लकवा हो सकता था। एम्स में पहुंची इस लड़की को गंभीर बीमारी से बचाकर स्वस्थ जीवन देने के लिए मां ने अपनी किडनी प्रदान की। महीनेभर पहले हुए इस ऑपरेशन में बाद बेटी के स्वस्थ हो जाने से मां भी बेहद खुश है। दोनों नियमित जांच के लिए समय-समय पर एम्स आती हैं।

### युवराज को मिली नई जिंदगी

बेमेतरा में रहने वाला 24 साल का युवराज अब पूरी तरह से स्वस्थ हो गया है। युवराज एक किडनी के साथ पैदा हुआ था, जो कमजोर थी। करीब दो साल पहले फेल होने की स्थिति में चुकी थी। विभिन्न तरह की शारीरिक समस्या के साथ वह इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा, तो चिकित्सकों ने उसके परिजनों को किडनी प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी थी। मां हिरोन्दी बाई वर्मा ने युवराज को किडनी के रूप में नया जीवन प्रदान किया।





### शिक्षक बेटे को नया जीवन

बलौदाबाजार के ग्राम बरंदा में रहने वाले हेमंत वर्मा शिक्षक हैं और मां सोमबाई से मिली किडनी के बाद सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हेमंत ने बताया कि हाथ-पांव में सूजन की शिकायत के दौरान चिकित्सकीय जांच के दौरान पता चला कि दोनों किडनी खराब हो चुकी है। कुछ दिनों तक डायलिसिस के बाद उसके पास प्रत्यारोपण के अलावा कोई चारा नहीं था। अन्य रिश्तेदार इसके बारे में कुछ सोचते, इससे पहले मां जिगर के टुकड़े को अपनी किडनी देने के लिए तैयार हो गई। पिछले साल जुलाई में ट्रांसप्लांट पूरा हुआ और बेटा पूरी तरह स्वस्थ हो गया।

**बैठक :** केन्द्रीय खनिज सचिव ने की प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा

# उत्खनन क्षेत्र में ग्रीन माइनिंग की नवीन तकनीक का हो उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय खनिज सचिव व्हीएल कान्ता राव ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से उत्खनन कार्य को अधिक बेहतर बनाने और माइनिंग गतिविधियों के सुगम संचालन के संबंध में उनके सुझाव लिये। केन्द्रीय सचिव ने कहा, उत्खनन क्षेत्र में ग्रीन माइनिंग की नवीन तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि खनन और खनिज उद्योगों में ग्रीन एनर्जी का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने खनिज संसाधनों का जीडीपी में वर्तमान में दो प्रतिशत की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया।

केन्द्रीय खनिज सचिव की अध्यक्षता में नवा रायपुर अटल नगर के न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, पर्यावरण तथा खनिज विभाग के सचिव और खनिज विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश के उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने प्रदेश में खनिज साधन विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों और कार्यों के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। केंद्रीय सचिव ने कहा, छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की उपलब्धता और खनन गतिविधियों में देश का अग्रणी राज्य है। खनन गतिविधियों में प्रदेश को और आगे लेकर जाना है, जो आर्थिक दृष्टि से भी देश और प्रदेश के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स की प्रोसेसिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुझाव दिया। केन्द्रीय सचिव ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर प्रदेश में खनन तथा खनिज उद्योगों की गतिविधियों और कार्यों की जानकारी ली और उनकी समस्याएं भी सुनी।



### बंद खदानों में न हो अवैध उत्खनन

केन्द्रीय सचिव ने खनिज साधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, ऐसी खदानें जो बंद हो चुकी हैं, उनमें अवैध उत्खनन न हो, बंद खदानों में यदि खनिज है, तो उनमें खनन के लिए जरूरी प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। माइनिंग क्लोजर और बंद खदानों को हैंड ओवर करने की समीक्षा राज्य स्तर पर नियमित रूप से की जाए।

### सिंगल विंडो प्रणाली की जरूरत

बैठक में औद्योगिक प्रतिनिधियों ने भूमि संबंधी, खनिज लौह अयस्क की कमी, वन एवं पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिंगल विन्डो प्रणाली की जरूरत बताई। केन्द्रीय सचिव ने कहा, स्वीकृत खदानों को जल्द से जल्द ऑपरेशनल बनाने के लिए बिडर्स और संबंधित विभागों के बीच अधिक समन्वय से काम किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने खनिज साधन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में ऐसे समस्त विभागों के सचिवों, जिनसे स्टेकहोल्डर्स को सहमतियां लेनी होती है, की माईनिंग रीव्यू कमेटी गठित की जाए।

# साय बोले- केजरीवाल पहले अपना घर देखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ओडिशा में दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित कर रायपुर लौटे। हेलीपेड पत्रकारों से चर्चा करते हुए अरविंद केजरीवाल द्वारा भाजपा नेताओं के कैरियर को लेकर दिए बयान पर सीएम साय ने कहा, वो लोग अपना घर पहले देखें, हमारा घर बिलकुल मजबूत है। हमारी चिंता बिल्कुल न करें।



नक्सलवाद पर सीएम ने कहा, हम जब से सरकार में हैं, मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। कल 12 नक्सली मारे गए हैं, मेरी जानकारी के अनुसार आज भी एक नक्सली मारा गया है। 29 नक्सली भी एक दिन में मारे हैं। आगे भी मजबूती से लड़ेंगे, या तो वो आत्मसमर्पण कर दें और विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा, आज उनका तीसरी बार ओडिशा का दौरा था। कालाहांडी लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभाओं नुआपारा और जूनागढ़ में जनसभा को संबोधित किया। दोनों सभा बहुत सफल रही, इतनी गर्मी के बावजूद भारी संख्या में वहां पर मतदाता आए। इस बार ओडिशा में भी परिवर्तन दिख रहा है, लोगों को हम बता रहे हैं कि मजबूत सरकार और मजबूत प्रधानमंत्री बनाने से बहुत फायदे मिलते हैं। उन्होंने कहा, पहले बात-बात में जो पाकिस्तान गीदड़ भभकी दिखाता था, दो बार के सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद उसको अपनी औकात पता चल गई। साथ ही हम जनता को बता रहे हैं कि डबल इंजन की सरकार से उसका क्या लाभ होता है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है, तो 3 महीने में ही मोदी की गारंटी के बहुत सारे काम कर दिए गए हैं और उनसे भी आग्रह कर रहे हैं कि आप भी डबल इंजन की सरकार बनाएं। छत्तीसगढ़ पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर हो रही जांच के सवाल पर पर श्री साय ने कहा, जो भी विभिन्न घोटालों में शामिल हैं, जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं और जो दोषी पाए जा रहे हैं, उन पर कार्रवाई भी हो रही है।

## संजय बोले- हार से घबराए कांग्रेसी नेता कुछ भी बयानबाजी कर रहे



**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रभु श्रीराम को सुप्रीम कोर्ट में काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस ने एक बार फिर श्रीराम मंदिर के शुद्धिकरण का बयान देकर अपने हिंदू धर्म और सनातनी विरोधी मानसिकता को देश की जनता के सामने प्रमाणित कर दिया है। कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण की राजनीति में इतनी विधर्मी हो गई है कि अब श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकराने के बाद शुद्धिकरण की बात कर रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर को लेकर एक विवादित टिप्पणी की है। नाना पटोले ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी, तो राम मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस अपनी होने वाली करारी हार से इतनी घबराई हुई है। कांग्रेस के नेता कभी पीएम मोदी को गाली देने लग जा रहे हैं, तो कभी उनकी क्रब खोदने की बात करने लग जा रहे हैं। देश को बंटवारे की ओर ले जाने वाली कांग्रेस अब प्रभु श्रीराम का भी अपमान करने से नहीं चूक रही है। इसके लिए कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगना चाहिए, क्योंकि प्रभु श्रीराम हमारे देश की आस्था और अस्तित्व हैं।

## विजय शर्मा बोले- जनसंख्या की बढ़ोतरी छत्तीसगढ़ के लिए भी चिंताजनक

अवैध बसाहट का सच जानने जांच जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक बार फिर जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) में बदलाव को लेकर अपनी गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है, जनसंख्या की यह बढ़ोतरी छत्तीसगढ़ में भी चिंता का विषय है। जनसंख्या में इतनी अधिक बढ़ोत्तरी के कारणों की जांच की जानी चाहिए, ताकि घुसपैठ और वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध बसाहट का सच भी सामने आ सके।

श्री शर्मा ने कहा, बिरनपुर की जो घटना हुई, उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि क्या है। ऐसा क्या हुआ था, जिसके कारण यह घटना हुई। इस घटना के तमाम पहलुओं को समाज को समझना पड़ेगा। यह केवल भाजपा को वोट देने या न देने का मसला भर नहीं है। लेकिन, समाज में जो कुछ भी हो रहा है, उसको समझने और उस पर निगाह रखने की ज्यादा आवश्यकता है। अगर आज हम इसकी गंभीरता को नहीं समझेंगे, तो भविष्य में परेशानियां होंगी। श्री शर्मा ने कहा, इस विषय पर एकल सदस्य समिति द्वारा जांच की गई थी। इसके सामाजिक पक्ष के लिए अभी और जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसकी आगे जांच कराई जाएगी और तब यह स्पष्ट होगा।

### कहां से आ रहे ऐसे लोग

कवर्धा जिले में गांव-गांव में इस तरह की घटनाएं हुई हैं, जो मीडिया के माध्यम से सबके बीच आई है। गांव-गांव में ऐसे लोगों के नाम जुड़े हैं, जिनकी जानकारी गांव वालों तक को नहीं है। ऐसे लोगों को गांव वाले नहीं जानते, बीएलओ नहीं जानते कि यह लोग कहां से आ रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि मामला कुछ तो है। जनसंख्या का लगभग 50 फीसदी तक बढ़ना, यह सामान्य बात नहीं है, और अगर असामान्य है, तो यह कैसे है। इसको हम नहीं समझेंगे तो और कौन समझेगा। कल के दिन यह परेशानी जब सामने आएगी तब सबको ध्यान आएगा।

# रबी और खरीफ सीजन की करोड़ों रुपए दबाए बैठी बीमा कंपनी

**रबी सीजन में फसल खराब होने के बाद सर्वे रिपोर्ट भेज चुके**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले रबि सीजन में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों का फसल बर्बाद होने के डेढ माह बाद भी किसानों को फूटी कौडी नही मिली है। चुनावी शोर में किसानों की आवाज दब गई है। अफसरों का दावा है कि, नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट राज्य शासन को भेज दिया गया है। लेकिन हुक्मरानों ने अब तक गुस्ताखी नही की है।

इसके आलावा वर्ष 2023 खरीफ सीजन में प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने के बाद कंपनी ने दावा राशि अब तक जारी नही की है। बीमा कंपनी द्वारा खरीफ सीजन निपटने के बाद अब तक प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि जारी नही किए जाने से अपने आपको को ठगा महसूस कर रहे है। उल्लेखनीय है कि, पिछले अप्रैल माह में बारिश के चलते रबि फसल खराब हो गया था। जिले में चना और गेहूं सहित दलहन के करीब चार हजार हेक्टेयर फसल खराब हुए थे। फसल खराब होने के बाद जिले के करीब आठ हजार किसानों ने हेल्पलाइन नंबर के जरिए प्रशासन को सूचना भी दे दी थी।

कालिंग किए जाने के बाद कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अफसर किसानों के रकबा का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट भी शासन को भेज चुके है। जिले में रबि फसल के लिए किसानों ने अनाज और गेंहू 16.143 हेक्टेयर, मक्का 0.279 हेक्टेयर, जौ-ज्वार 0.004 हेक्टेयर है। वहीं दलहन-चना 15.527 हेक्टेयर, तिवडा 8.986 हेक्टेयर, मटर 0.100 हेक्टेयर, मसूर 0.896 हेक्टेयर, उडद और मूंग कुल्थी में उपज प्रभावित हुए है। इसी तरह तिलहन व अलसी 0.062 हेक्टेयर, राई-सरसो 5.000 हेक्टेयर, कुसुम 63 हेक्टेयर, तिल, सूर्यमुखी फसल प्रभावित हुई है। इसके आलावा गन्ना, कपास व साग सब्जी के फसल लगे थे।

### चुनावी शोर में दबी किसानों की आवाज, नहीं मिला मुआवजा

**खास बातें**

- साल बीतने को हैं, लेकिन नही मिली बीमा राशि
- बीमा कंपनी का मुख्यालय में एक भी कर्मचारी नहीं
- हर साल किसानों को बीमा कंपनी कराती है इंतजार



### खरीफ के फसल बीमा का पता नहीं

वर्ष 2023 खरीफ सीजन के लिए जिले के 81625 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम जमा किया है। इसमें 81625 किसानों ने 11 करोड 16 लाख रूपए जमा किया है। वही राज्य 31 करोड 45 लाख और केन्द्र ने भी 31 करोड 45 लाख रूपए (तीनों का शेयर) मिलाकर कुल 74 करोड रूपए बीमा कंपनी को प्रीमियम दिया गया है। जिले में ऋणी 323316 और अऋणी 3759 किसान शामिल है। लेकिन खरीफ की कटाई बीतने के बाद नया वित्तिय वर्ष शुरू हो गया है। इसके बाद भी अब तक बीमा कंपनी ने बीमा राशि जारी नही की है।

### रबी सीजन में 27 करोड़ का बीमा

इस रबि (2024) सीजन में जिले के किसानों ने 27 करोड रूपए का प्रीमियम जमा किया है। किसानों द्वारा चना, गेहूं के साथ ही दलहन फसल में बीमा कराया है। अफसरों ने बताया कि, ऐसे किसान जो फोन के जरिए सूचना नही दे पाए है। उन्हें भी फसल बीमा का लाभ मिलेगा। लेकिन उत्पादन के बाद ऐसे किसानों को नुकसान होने पर बीमा कंपनी द्वारा क्लेम की राशि जारी की जाएगी।

# विजय बघेल बोले- आत्मानंद स्कूलों का नाम नहीं बदल रहे, पीएमश्री योजना से जोड़कर सुविधाएं बढ़ा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा सांसद विजय बघेल ने कहा, स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम नहीं बदला जा रहा है, बल्कि इनमें सुविधाओं का विस्तार करने के लिए ही इनको पीएमश्री योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए 27 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। कांग्रेस सरकार ने स्कूल तो बना दिए, लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं किया। शिक्षकों का वेतन भी डीएमएफ फंड से मिलता है।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा, पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित किसी भी शाला का नाम परिवर्तित नहीं होगा, चयनित विद्यालयों के इस योजना में शामिल हो जाने से केन्द्र सरकार से अतिरिक्त आर्थिक एवं तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर कांग्रेस एक बार फिर प्रलाप-मोड पर आ गई है। कांग्रेस इस योजना को लेकर तरह-तरह के झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिशों में जुटी है। जिस कांग्रेस ने साधु-संतों पर गोलियां बरसाने और हर मौके पर उन्हें अपमानित करने में जरा भी शर्म महसूस नहीं की, आज वह कांग्रेस साधु-संतों के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि आत्मानंद स्कूलों के लिए एक रुपए का बजट प्रावधान नहीं करके भूपेश सरकार ने खुद स्वामी आत्मानंद का घोर अपमान करने का काम किया था। भाजपा संतों का सम्मान करती है, कभी अपमान करने का काम नहीं किया है।



### प्रत्येक ब्लॉक में एक पीएमश्री स्कूल होगा

*श्री बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल में खोले गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों की दुर्दशा, अव्यवस्था से पूरा प्रदेश वाकिफ है। अब प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिहाज से अनुकरणीय पहल कर रही है तो कांग्रेस के लोग प्रलाप कर रहे हैं। श्री बघेल ने कहा, यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना का शुभारंभ किया था। पीएमश्री योजना के पहले चरण में प्रत्येक शाला पर 2 करोड़ रुपए खर्च करके हब एंड स्पोक मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार, राज्य, केंद्रशासित प्रदेश सरकार स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से चयनित मौजूदा स्कूलों को मजबूत करना है। इसके अलावा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक व्यापक पहुंच प्रदान करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक पीएमश्री स्कूल स्थापित करने की योजना है।*

### पीएमश्री योजना के गिनाए फायदे

श्री बघेल ने कहा, नई शिक्षा नीति, जिसमें शिक्षकों स्तर को उठाने के कार्य होंगे, पीएमश्री योजना उसका प्रवेश द्वार साबित होगी। पीएमश्री योजना 2024 का फायदा गिनाते हुए श्री बघेल ने कहा, इसमें कक्षा शिक्षकों को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना, उन्हें शैक्षिक प्रणाली को बढ़ाने के लिए विविध उपकरणों से परिचित कराना शामिल है। इस योजना में मापदंड पूरा करने पर देश का कोई भी स्कूल शामिल हो सकता है। चयनित होने पर, स्कूल एक आधुनिक संस्थान में बदल जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, व्यक्तियों को योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व चैंबर अध्यक्ष ने किया चैंबर संविधान संशोधन का स्वागत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष पूरनलाल अग्रवाल ने चैंबर के संविधान संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहले चैंबर परिवार छोटा था, वर्तमान में इसकी सदस्यता बढ़कर 25 हजार तक पहुंच गई है। ऐसे में चैंबर संविधान में संशोधन लाजिमी है। वर्तमान में हुए संशोधन को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, चैंबर संविधान में संशोधन शत–प्रतिशत नियमों के अनुसार किया गया है। इस संशोधन के तहत चैंबर के पूर्व अध्यक्ष भी अब आगामी चैंबर चुनाव में चुनाव लड़ सकेंगे, जिन्हें भी चुनाव लड़ना है, वो खुलकर सामने आएं और चुनाव लड़ें।



## राहगीरों को गर्मी से राहत देने मठा वितरित



**रायपुर।** इस भीषण गर्मी से राहगीरों राहत देने के लिए सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने शहर के लोगों को मठा वितरित किया। कार्यक्रम में चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, एक पहल के संरक्षक राजेश वाधवानी और बढ़ते कदम से हरीश दानवानी, राजू तरवानी, सिंधु समाधान से देवराज गुरनानी, सिंधी साहिती बिरादरी मंडल से अध्यक्ष दिलीप इसरानी, महासचिव सुनील अजवानी, राजेश विधानी, सोनू गोवानी, अनिल हेमानी, हरीश अजवानी, सेवाराम हेमानी, विजय हेमानी, अशोक इसरानी, अजीत मोटवानी, शंकर दानवानी, गोविंद, हरिश अजवानी, सतीश छुगानी, मनोहर छुगानी आदि शामिल हुए।

## आंबेडकर अस्पताल में मनाया गया नर्स दिवस



**रायपुर।** इंटरनेशनल नर्सेज डे की पूर्व संध्या पर आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा इस दौरान नर्सों के लिए रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, डांस, गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस दौरान विजेताओं को चिकित्सा अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक डॉ. एसबीएस नेताम द्वारा पुरस्कार का वितरण भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर 12 को मई मनाया जाता है।

## कन्नौज में सपा प्रदेश अध्यक्ष प्रचार में जुटे

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चुनाव प्रचार में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता, छत्तीसगढ़ महासचिव मनोहर साहू, पवन यादव, वाहिद सहित अनेक कार्यकर्ता यूपी में भाग ले रहे हैं।

# इंटरवेशनल प्रक्रिया पूरी कर डाक्टरों ने दिलाया महिला को मातृत्व सुख

### गर्भाशय की एवी मालफॉर्मेशन बीमारी से पीड़ित थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्भाशय की दुर्लभ एंडोवैस्कुलर बीमारी एवी मालफॉर्मेशन नामक बीमारी से पीड़ित महिला का उपचार कर आंबेडकर अस्पताल के डाक्टरों ने उसे मातृत्व सुख प्राप्त करने में मदद की। उसके इलाज के लिए रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने एंडोवैस्कुलर गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन नामक इंटरवेशनल प्रोसीजर पूरा किया। चिकित्सकों के मुताबिक महिला को पिछले कई माह से अत्याधिक रक्तस्त्राव की समस्या हो रही थी, जिसके कारण उसका हीमोग्लोबिन काफी कम हो गया था। सक्ति जिले में रहने वाली महिला को उपचार के लिए बिलासपुर मेडिकल कालेज से आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था। आंबेडकर अस्पताल के स्त्री रोग विभाग की ओपीडी में उसकी विभिन्न तरह की जांच के बाद महिला की बीमारी का पता चला। समस्या के समाधान के लिए उसे रेडियोलॉजी विभाग भेजा गया। कलर डाप्लर सीटी स्कैन एवं एमआरई के बाद बीमारी की पुष्टि कर इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई। चिकित्सकों ने बिना चीरफाड़ के गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन (यूएई) प्रक्रिया द्वारा एवीएम में असामान्य रक्त वाहिकाओं को ब्लॉक कर दिया। इस प्रक्रिया के आठ महीने बाद महिला गर्भवती हुई, उसने स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इस उपचार प्रक्रिया को डॉ. पात्रे के साथ डॉ. नोबल चंद्राकर, डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ. प्रसंग, डॉ. जूही, एनेस्थेसिया से डॉ. प्रतिभा जैन शाह, टेक्नीशियन नरोत्तम और यशवंत साहू ने मिलकर पूरा किया।

**ऐसे पूरी हुई प्रक्रिया**

इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि कमर के नीचे बेहोश करके दाहिनी जांघ के फिमोरल आर्टरी में एक पतली सी तार और कैथेटर डालकर पिन होल तकनीक से एवी मालफॉर्मेशन को खून सप्लाई करने वाली बायीं और दायीं धमनी को एम्बोलिक एजेंट डालकर बंद कर दिया गया। इससे मालफॉर्मेशन में खून का बहाव रुक गया और उसकी समस्या का समाधान हो गया।



**जुड़वा बच्चों की मां बनने का सुखद अहसास**

उपचार के बाद मातृत्व सुख प्राप्त करने वाली महिला ने कहा कि गर्भावस्था में विभिन्न प्रकार की तकलीफों के बाद भी मातृत्व सुख असीम आनंद देने वाला होता है और आंबेडकर अस्पताल के रेडियोलॉजी एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों के उपचार की मदद से मुझे भी मातृत्व सुख प्राप्त हुआ। इस बार मातृत्व दिवस मेरे लिए दो बच्चों के साथ बेहद सुखद अहसास लेकर आया है।

### निगम ने बेहतरी के लिए बढ़ाए दो जोन, मगर सामुदायिक भवनों की अटकी सुविधा

# दो सामुदायिक भवनों में जोन दफ्तर, सिर्फ एक के लिए जमीन, दूसरे के लिए तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर जन सरोकार के कई काम करवाए हैं। वहीं आउटर में दो वार्ड ऐसे हैं, जहां 25 से 30 हजार की आबादी के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवन की सुविधा भी मांगलिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए चार साल से नहीं मिली है। लोगों के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवनों में चार साल से जोन दफ्तर संचालित है। इससे लोगों को वार्डों में सामुदायिक भवन होने के बाद भी सुविधा नहीं मिल रही है। लोगों को भवन के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि निगम ने मोवा में जोन-9 के लिए जी-वन कैटेगरी में बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय की है।

राजधानी की तेजी से बड़ती सीमा में जुड़े नए वार्डों में निगम की सुविधा बेहतर की जा सके, इस लिहाज से शासन के आदेश पर निगम में शामिल वार्डों व जोन का परिसिमन एवं विभाजन हुआ। तब आनन-फानन में मोवा थाना के पास वार्ड 9 में शामिल इकलौते सामुदायिक भवन में निगम ने जोन कार्यालय शुरू किया। इसी तरह डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड यानी 52 में सरकारी स्कूल परिसर में स्थित वार्ड के इकलौते सामुदायिक भवन में जोन -10 कार्यालय शुरू हो गया। निगम सूत्रों ने बताया कि नए जोन कार्यालय की शिफ्टिंग के दौरान दो साल में क्षेत्र में सरकारी जमीन का सर्वे करने के बाद जोन कार्यालय बनाने की प्रक्रिया करने का दावा किया गया। चार साल बाद भी वार्ड 52 एवं 09 में स्थित सामुदायिक भवन लोगों की सुविधा के लिए निगम ने नहीं खाली किया है।

***98 लाख में बनेगी नई बिल्डिंग***

*सूत्रों ने बताया कि मोवा में जोन कार्यालय बनाने के लिए जगह तय करने के बाद वहां निर्माण के लिए एजेंसी को मार्च में जिम्मेदारों ने वर्कआर्डर दिया है।इसके लिए शासन से 98 लाख की मंजूरी मिलने से ड्राइंग-डिजाइन तैयार करवाने के साथ ही काम भी शुरू किया गया है। अभी केवल बिल्डिंग निर्माण के लिए फंड मिला है। इसके अलावा परिसर में पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, सड़क जैसी कई सुविधाओं के लिए निगम को दोबारा प्लानिंग करनी होगी, चूंकि इन कार्यों के लिए बजट नहीं मिला है। एजेंसी को नई बिल्डिंग का काम पूरा करने के लिए 12 महीने का समय दिया है, इसे समय से पहले पूरा करने की तैयारी है।*



***अभी तक जगह भी तय नहीं***

*वहीं वार्ड 52 की पार्षद संध्या नानू ठाकुर ने अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक भवन को खाली करवाने के लिए कई बार निगम में आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड में यह इकलौता सामुदायिक भवन है। इसे हर वर्ग के लोग वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बुक करते थे। चार साल पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जोन 10 कार्यालय शिफ्ट करने के बाद सुध नहीं ली गई। इससे अभी तक लोगों की सुविधा के लिए भवन भी वापस नहीं मिला। इसके लिए दबाव बनाने पर अधिकारी यहां-वहां जमीन तय करने का भरोसा दिलाते हैं, अभी तक इसकी कार्ययोजना भी नहीं बना पाए।*

***लोग करते थे भवन की बुकिंग***

*मोवा वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद द्रौपदी हेमंत पटेल ने बताया कि चार साल से वार्ड के इकलौते भवन को खाली करवाने के लिए प्रयास किया। नई सरकार आने से पहले मोवा स्थित आश्रय स्थल के पास जोन कार्यालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय हुई। विधानसभा चुनाव के बाद जोन दफ्तर बनाने के लिए फंड की स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय हुई है। इसे बनने में सालभर लगेगा इसलिए वार्ड के लोगों को भवन की सुविधा के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। जोन कार्यालय शुरू होने से पहले हर साल लोग सैकड़ों लोग छोटे-बड़े आयोजनों के लिए बुक करवाते थे, अब प्राइवेट भवन बुक करते हैं।*

**एक जोन कार्यालय का निर्माण शुरू**

जमीन का चिन्हांकन व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद प्रस्ताव भेजते हैं। इसके चलते विलंब की स्थिति बनती है। अभी मोवा में जोन कार्यालय का निर्माण शुरू हुआ है। जल्द ही जोन -10 के लिए भी जगह तय किया जाएगा।
- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

# छत्तीसगढ़ में मतदान के बाद मतगणना की तैयारी, 16 से प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का मतदान पूरा होने के बाद अब निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारी में जुट गया है। मतगणना के लिए कर्मियों को 16 मई से प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय व राज्य मास्टर ट्रेनर्स को बुलाया गया है। वे रिटर्निंग अफसरों, सहायक रिटर्निंग अफसरों, काउंटिंग अफसरों को संबंधित जिलों में ट्रेनिंग देंगे। 4 जून को होने वाली मतगणना से पूर्व सभी अफसर और कर्मियों को तैयार किया जाएगा।



■ 4 जून को मतगणना, 1302 कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 220 प्रत्याशियों का भाग्य तीन चरणों में मतदान के बाद ईवीएम में कैद हो गया है। 4 जून को को सभी के भाग्य का फैसला प्रदेश के विभिन्न जिलों में होने वाली मतगणना के बाद होगा। मतगणना के लिए माईक्रो अब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन ने हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14 टेबल लगाई जाएंगी। वहां पर 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# कुंए में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड के समीप शनिवार को कुंए में एक बछड़े के अचानक गिर जाने की जानकारी वहां के रहवासियों ने नगर निगम को दी। जोन 9 के अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेते हुए काउकेचर की टीम स्पॉट पर भेजी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक महेन्द्र कलिहारी सहित उनके सहयोगियों ने बछड़े को काउकेचर की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। इस तरह उस बछड़े की जान बच गई।

■ वीआईपी रोड के समीप रहवासियों ने निगम को दी जानकारी

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित व्हीआईपी रोड में वीडब्ल्यू केन्यान के पास कुंए में बछड़ा गिर गया। लोगों ने इसकी जानकारी निगम दफ्तर तक पहुंचाई। जोन कमिश्नर संतोष पांडे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम ने स्थल पर पहुंचकर कुंए में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रहवासियों द्वारा कुंए में अचानक गिरे बछड़े को बाहर सुरक्षित निकाले जाने के इस कार्य को लेकर काऊ कैचर टीम की सराहना की।

# चार स्थानों पर जल सेवा केंद्र शुरू

### साधक परिवार ने गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने किया जतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने साधक परिवार की ओर से शहर में 4 स्थानों पर शीतल जल सेवा केन्द्र शुरू किया गया है। इनमें रेलवे स्टेशन में हनुमान मंदिर के पास, प्लेटफार्म नंबर 1 में पार्सल आफिस के पास, प्लेटफार्म नंबर 2 और प्लेटफार्म नंबर 3 में यात्रियों की सुविधा के लिए निःशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराया गया है। साधक परिवार के मीडिया प्रभारी शोभराज मल ने बताया, शहर में वाटर कूलर की व्यवस्था अलग-अलग जगहों पर की गई है। इसमें विधानसभा ओवरब्रिज के पास, अमलेश्वर थाने के सामने, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के गेट नम्बर 2 के पास और गेट नंबर 4 में लोगों को गर्मी के सीजन में ठंडा पानी निःशुल्क उपलब्ध कराने मशीन लगाई गई है।

■ प्लेटफार्म नंबर 1 पर पार्सल आफिस के पास प्याउघर

अक्षय तृतीया के दिन सर्वधर्म प्रार्थना व मंगल आरती कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही यात्रियों को केला व शरबत का निशुल्क वितरण किया गया! रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जीआरपी थाने के प्रभारी, माहेश्वरी समाज के राजकुमार राठी, सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, साधक परिवार के प्रेम गोविंदानी, लेखराम साहू, हरेश गोविंदानी, मनोज गोगिया, डीडी सोनी, राकेश दसानी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# केजरीवाल को भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं- डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर डा. रमन सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान पर पलटवार करते हुए दो टूक में कहा है कि उन्हें भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पार्टी ने अब तक उन्हें जिस पद की जिम्मेदारी दी है, उसका वे निर्वहन करते आये हैं। पहले 15 साल मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई थी और अब विधानसभा स्पीकर पद की दी गई है।




स्पीकर रमन सिंह ने यह बयान एक एजेंसी को दिए इंटरव्यू में दिया है। इस इंटरव्यू को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट भी किया है। रमन सिंह ने इस पोस्ट में दो-टूक में कहा कि केजरीवाल को भाजपा की चिंता बिलकुल नहीं करना चाहिए। चाहे मैं हूं, शिवराज जी हों या योगी जी हों, हम सभी मेहनत से आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे 15 साल सीएम और अब स्पीकर का दायित्य सौंपा है, जिसका मैं निर्वहन कर रहा हूं। इससे पहले भी पार्टी ने मुझे जब भी जो जिम्मेदारी दी, मैंने उसे पूरी निष्ठा से निभाया है। डा. रमन ने कहा कि केजरीवाल चुनाव को देखकर और नतीजों का अनुमान लगाकर बौखला गए हैं। जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रही हैं और जो भी दोषी पाए जा रहे हैं, उन्हें दंडित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उनके ट्रैक रिकार्ड पर जनता को अटूट विश्वास है। कांग्रेस अपनी हार को देखकर निराशा में डूब रही है। निःसंदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

■ नि :संदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी

विदित हो कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर एक टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे सिंधिया और डा. रमन सिंह की राजनीति खत्म हो गई है तथा दो माह बाद यूपी के सीएम योगी को भी हटा दिया जाएगा। डा. रमन सिंह ने केजरीवाल की इस टिप्पणी पर पलटवार किया है।

# इंटेकवेल तक जलकुंभी का जाल, सफाई करने संसाधन नहीं, 40 वार्डों में पहुंच रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





पेयजल को लेकर गर्मी में कई तरह की नई दिक्कतें पैदा होने लगी हैं। अभी बिरगांव निगम में पेयजल की दोहरी समस्या है। बेन्द्री में इंटेक वेल के पास जलकुंभी का जाल फैला है। इसकी सफाई के लिए निगम के पास जरूरी संसाधन भी नहीं हैं। यह स्थिति खारुन में नालों का गंदा पानी छोड़ने से बन रही है। इससे कारण निगम को फिल्टर प्लांट में 4 से 5 बार पानी साफ करना पड़ रहा है। घरों में नल से गंदा पानी पहुंचने की समस्या अभी भी बनी हुई है।

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे निगम में पहले से सुविधा व संसाधनों का अभाव है। खारुन नदी का पानी बेन्द्री घाट तक अभी भी गंदा पहुंच रहा है। इससे निगम के इंटेक वेल के पास 25 से 30 फीट की गहराई में दलदल की स्थिति है। इसकी सफाई के लिए निगम के पास जरूरी संसाधन भी नहीं हैं। इससे जल प्रदाय व फिल्टर प्लांट के करीब 20 कर्मी जहां तक जलकुंभी निकाल सकते हैं, वहीं तक सफाई कर रहे हैं। इससे निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में 15 हजार से ज्यादा घरों में 14 टंकियों के जरिए गंदा पानी पहुंचने की समस्या बनी हुई है। निगम सूत्रों ने बताया कि कारा में स्थापित एसटीपी से पानी साफ करने का दावा किया जाता है। इसके बाद भी प्लांट तक गंदा पानी पहुंच रहा है। इसको फिल्टर करने में कर्मियों को पसीना बहाना पड़ रहा है।

**34 एमएलडी पानी रोज फिल्टर**

अभी बेन्द्री घाट व फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ा दी गई। जहां से पहले 14 एमएलडी पानी फिल्टर होने के बाद करीब 9 टंकियों के जरिए 8 हजार से ज्यादा घरों तक पहुंचता था, वहीं अब रोज 20 एमएलडी नए प्रोजेक्ट के तहत पानी फिल्टर करने की क्षमता बढ़ाते हुए अब रोज 34 एमएलडी पानी को साफ करने के बाद 40 वार्डों में पेयजल पहुंचाने के लिए व्यवस्था बनवाई गई। इंटेक वेल के आसपास पानी गाढ़ा होने से उसे कई बार फिल्टर करना पड़ रहा है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप




### आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी 15 को

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लाटरी 15 मई को तुमाडबरी स्थित इंग्लिश स्कूल में प्रातः 9 बजे पालकों की उपस्थिति में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देश एवं नियमों के तहत निकाली जाएगी। लाटरी प्रक्रिया पारदर्शितापूर्वक करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा विकासखंड स्तर की समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में प्रभारी अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुन्द, समन्वयक, संस्था के प्राचार्य, सदस्य संकुल समन्वयक, सदस्य दो पालक जो शासकीय सेवक हों, सदस्य दो शिक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा। लाटरी प्रक्रिया की समस्त गतिविधियों का फोटोगाफी, वीडियोग्राफी भी किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की शंका न हो। प्राचार्य अमी रूफस ने समस्त पालकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।

## निधन

### लखन लाल चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी लखन लाल चंद्राकर (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में 12 मई को किया गया। वे गैंदलाल चंद्राकर पिता व खेमराज, पंकज, शुभम चंद्राकर के दादा व सेवानिवृत्त विखं शिक्षा अधिकारी केआर चंद्राकर के चाचा थे।

## पर्व विशेष : गांवों में कामकाज रहा बंद, खुशहाली के लिए की गई कामना

# अक्षय तृतीया पर्व पर ठाकुर देव की पूजा अर्चना, खेती-किसानी की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अक्षय तृतीया पर गांवों में किसानों ने ठाकुर देवता में दोने में धान, हल्दी, तेल आदि ले जाकर चढ़ाया और बचे हुए धान को खेतों में ले जाकर बोआई की। चूंकि, इस दिन खेती बाड़ी का काम शुरू हो जाता है। इसलिए गांवों में इस दिन विशेष होता है। खेत की साफ सफाई की जाती है। इस दिन विशेष रूप से ठाकुर देव की पूजा पाठ की जाती है। सभी काम गांव में ठाकुर देव की पूजा के बाद ही किया जाता है। यहां तक की पीने के लिए पानी भी ठाकुर देव की पूजा के बाद ही भरा जाता है।

ग्राम तोषगांव के किसान विद्याभूषण सतपथी ने बताया कि बरसों से चली आ रही परंपरा अनुसार ठाकुर देव में परसा पलाश के पत्तों से बने दोना में धान भरकर उसे अर्पित किया जाता है। यह ठाकुर देव को भोग है। सभी घरों से भोग के लिए ठाकुर देव में अर्पित दोनों की धान को नई टोकरी में मिलाते हैं। पश्चात कृषि कार्य से संबंधित जैसे बुआई, निंदाई, गुड़ाई, मिंजाई आदि को सांकेतिक रूप में ठाकुर देव के समक्ष किया जाता है। इसी भोग लगे धान को किसान बीज के रूप में खेतों में बुआई करते हैं।





ठाकुर देवता को गांव में सहाड़ा देव भी कहते हैं। यह देवता किसी भी गांव का सबसे बड़ा देव होता है। माना जाता है कि गांव में हर काम से पहले साहड़ा देव की पूजा की जाती है। पूजन के दौरान गांव के युवा खेतों में नागर का प्रतिरुप चलाते हुए, सामूहिक रूप से सहाड़ा देवता की पूजा कर अच्छे फसल की कामना की। किसानों का प्रमुख त्यौहार अक्ती है। किसान ठाकुरदेव को दोना चढ़ाकर धान बोने की शुरुआत कर चुके हैं। इस तरह खेती-किसानी का काम शुरू हो गया है। ग्रामीण अंचल में इस दिन ग्राम के प्रमुख ठाकुरदेव की पूजा नहीं की जाती, तब तक सारा काम बंद रखा जाता है। पहट में बैगा द्वारा सभी देवी देवाताओं में पूजा-अर्चना की जाती है। पश्चात गांव के किसान ठाकुरदेव में दोना अर्पण करने पहुंचते हैं।

अक्ती के दिन से ही नए दोना के रूप में परसा और अन्य पत्तों से तैयार कर ठाकुरदेव को धान अर्पण किया जाता है। ठाकुरदेव के समक्ष किसानों द्वारा लाए गए धान को रखकर बोनी से लेकर मिसाई तक की सभी प्रक्रियां बैगा द्वारा की जाती है।

पीपल के पते से बैल नागर बनाकर पूजा अर्चना करने के बाद किसानों को बोनी की शुरूआत करने धान बीज दिया जाता है, जिसे किसान अपने खेतों में जाकर बोनी की शुरूआत करते हैं। इसे छत्तीसगढ़ी भाषा में मुठी लेना कहते हैं। किसान खेतों में पहुंचकर धरती माता की पूजा अर्चना कर बोनी की शुरूआत कर खुशहाली की कामना करते हैं।

## पलायन प्रथा पर रोक के कांसेप्ट के लिए किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- यूनिसेफ द्वारा एनआईआईटी कॉलेज में मिला सम्मान

जिले में नियमित रोजगार की अनुपलब्धता के परिणामस्वरुप पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित परिवार जिनके पास वर्ष के छह महीने का ही कार्य होता है तथा आजीविका की तलाश में ऐसे परिवार बाकी बचे हुए छः माह के लिए आसपास या दूरस्थ स्थानों में पलायन कर जाते थे, वर्त्तमान में यह दशा पूरे जिले की है तथा इस पर नियंत्रण कर पाना चुनौती है।

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कुरुभाठा में विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के पलायन की संभावना को देखते हुए पायलेट बेसिस पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला द्वारा पिछड़ी जनजाति के परिवारों को उनके परंपरागत व्यवसाय में गुणवत्ता उन्नयन के लिए मूल्य संवर्धन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके परिणाम स्वरुप परिवारों के परंपरागत व्यवसाय में हो रहे आय वृद्धि का स्त्रोत तैयार हुआ। आजीविका से संबंधित कार्य में व्यवहार परिवर्तन के सिद्धांतों को लागू करने से एक नए प्रकार से उनके जीवन स्तर में बदलाव की सम्भावना है। उपरोक्त मुहिम को मिशन मोड पर लेकर जिले में किए जा रहे प्रयास के लिए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला को छत्तीसगढ़ यूनिसेफ द्वारा एनआईआईटी कॉलेज में सम्मानित किया गया।

## महासमुंद संसदीय सीट पर 2 लाख से अधिक मतों के अंतर से कांग्रेस की जीत तय: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**मतदाता संपर्क के दौरान कांग्रेस के पक्ष में दिखा लोगों का उत्साह**



पूर्व संसदीय सचिव व लोकसभा चुनाव के महासमुंद विधानसभा प्रभारी विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू 2 लाख से अधिक मतों के अंतर से विजयश्री हासिल कर रहे हैं। चंद्राकर ने बताया कि उनके प्रभार क्षेत्र महासमुंद विधानसभा में कार्यकर्ताओं ने 90 प्रतिशत मतदाताओं तक सीधे संपर्क किया। जिसमें युवा, महिला, बुजुर्ग सभी राहुल गांधी के 5 गारंटी से उत्साहित नजर आए। खासकर महिलाओं में गृहलक्ष्मी योजना को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। मतदाता संपर्क अभियान के दौरान लोगों में राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जो विश्वास दिखा उससे यह साबित होता है कि महासमुंद लोकसभा सहित प्रदेश के तमाम संसदीय सीटों पर कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित हो रही है। चंद्राकर ने कहा कि जनता भाजपा के 10 साल के कुशासन और वादाखिलाफी से परेशान हैं। इस बार जनता देश में बदलाव चाहती है। लू के थपेड़ों व भीषण गर्मी के बीच जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। जनता मोदी सरकार में बढ़ी महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं। जनता ने भाजपा के खिलाफ वोट कर तानाशाह को विदाई का रास्ता दिखा दिया है।

**विवाह..**



**कांपा।** ग्राम कांपा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बालिका समूह द्वारा विभिन्न रश्मों के साथ तीन दिवसीय गुड्डे-गुड़िया का ब्याह रचाया गया। प्रथम दिन निर्धारित स्थान से माटी लाकर मंडप सजाया गया। दूसरे दिन गुड्डे-गुड़िया को हल्दी लगाकर सभी नाचते हुए एक दूसरे हल्दी लगाया। तिरंगा चौक से बारात निकलकर डीजे की धुन नाचते हुए बाजार चौक में बारात स्वागत किया। तिरंगा चौक मंडप में टीकावन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर चित्ररेखा, पायल, खुशबू, पम्मी, कौशल्या, डिकेश्वरी, भोजकुमारी, बिनु, चंचल, नेहा, पूजा, नंदनी, भावना, चांदनी, राशि, दीपा, प्रतिज्ञा, परी, तुलसी, धनेश्वरी, पूनम, दुर्गा, तामेश्वर, लाकेश, चप्पू, झंकार, प्रतीक आदि का सहयोग रहा।

# हाईस्कूल परीक्षा में नम्रता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा दसवीं में कुल दर्ज 40 थे, जिसमें 49 बच्चे परीक्षा में प्रविष्ट हुए। 39 बच्चों में से 34 उत्तीर्ण, 02 अनुत्तीर्ण एवं 03 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता मिली है। विद्यालय में नम्रता साहू ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम एवं जितेंद्र कुमार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

इस तरह 09 बच्चे प्रथम, 20 द्वितीय और 05 तृतीय स्थान पर रहे। पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत था। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में 05 प्रतिशत की वृद्धि हुई। संस्था में संस्कृत विषय के पद रिक्त होने के कारण विगत 6 वर्षों से शाला प्रबंधन समिति द्वारा स्थानीय स्तर पर व्यवस्था कर अध्ययन अध्यापन को पूरा गया किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं स्टाफ सदस्यों ने हर्ष जताया है। यह जानकारी संस्था प्रमुख भारत साहू ने दी।



### खरोरा में मनाया गया मातृ दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मातृ दिवस पर माताओं की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मोनिका चंद्राकर, माधुरी पटेल, दुर्गेश निर्मलकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में मातृ दिवस मनाया जाता है। इस दिन अपनी ही माताओं की पूजा अर्चना करते हैं।

# कायतपाली में टंकी तैयार लेकिन, अब तक शुरु नही हुई सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आदिवासी ग्राम कायतपाली में प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण तो हुआ है, पर टंकी से गांव में अभी तक पानी सप्लाई नहीं हुआ। यहां सरायपाली ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का निर्माण लगभग डेढ़ वर्ष होने को जा रहा है। निर्माण कार्य के समय गलियों में क्रांकीटीकरण को उखाड़ कर पाइप बिछाया गया था। ग्रामीण युवा पृथ्वीराज जगत का कहना कि इस विषय लेकर हमने सरपंच व ठेकेदार के मुंशी से निर्माण कार्य के बारे पूछा तो गोलमोल जवाब दिया।

ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि गुणमणी पारेश्वर से नल जल योजना के बारे में पूछने पर बताया कि ठेकेदार को कई बार फोन लगाया, पर फोन नही उठाते। यहां गली में नल डालने के लिए गड्ढा खोदा गया था और जल्द ही इसके स्थान पर ठेकेदार द्वारा पुनः सीसी रोड मरम्मत की बात कही गई थी, पर अभी तक नहीं हुआ। अगर कार्य पूरा नहीं हुआ तो बसना विधायक व कलेक्टर से शिकायत की जाएगी। ताकि, प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल घर मिल सके। यह योजना पूरे भारत में चलाया जा रहा है। परंतु, यह योजना ठेकेदार की मनमानी के कारण मजाक बन कर रह गया है। ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ तो नही मिल रहा। परंतु, अगर इस साल गली का सीसी रोड मरम्मत नहीं होता है तो ग्रामीणों को कीचड़ भरे गलियों में पुनः परेशानी होगी। ठेकेदार की लापरवाही से पूरे ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।



### आरटीई के तहत प्रवेश के लिए सत्यापन की अंतिम तिथि 17 तक

**महासमुंद।** आरटीई के तहत प्रवेश के लिए जिन लोगों ने स्कूलों में आवेदन किया है वे अपना दस्तावेज सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी अमी रूफस प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल तुमाडबरी स्थित भवन में 17 मई के पूर्व अनिवार्य रूप से जमा करें, जिससे निर्धारित समय पर सत्यापन किया जा सके। स्वामी आत्मानंद नोडल के अंतर्गत आने वाले स्कूल हैं, मां गायत्री हायर सेकेंडरी स्कूल, वृंदावन इंग्लिश स्कूल, एम विद्या मंदिर, गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, श्याम विद्या मंदिर, डायरेक्शनल इंग्लिश स्कूल, द न्यू होलीफेथ स्कूल महासमुंद। दस्तावेज के अभाव में सत्यापन नहीं हो पाएगा और उनका आवेदन लाटरी के लिए पात्र नहीं होगा। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।

**नर्सेज डे**



**बसना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में नर्सेज डे धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष 12 मई को फ्लोरेंस नाईटेंगल के जन्म दिवस को पूरे विश्व में नर्सेज डे के रूप में मनाया जाता है। नर्सेज डे पर हम समाज में नर्सेज की महत्वपूर्ण भूमिका की स्मृति में उन्हें सम्मानित करते हैं। यह दिन उनके साहस, समर्पण, और सेवाभाव को समर्पित करते हैं। नर्सेज समुदाय की मदद के बिना चिकित्सा सेवाएं संभव नहीं होतीं। उनका साहस और समर्पण हर समय हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत होता है। समाज के सभी अंगों को उनके साथ सहयोग करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर रैना रागिनी, आकांक्षा इक्का, छाया श्रीवास, चंपा भार, रोहिणी पटनायक, सीमा ठाकुर, विनया साहू, हेमलता और प्रियंका औसर उपस्थित थे। कार्यक्रम में में डॉ. नारायण साहू बीएमओ बसना, दयानंद होता शिशु रोग विशेषज्ञ एवं रमन पंडा मेडिकल ऑफिसर भी उपस्थित रहे।

**तीन बेटियों को दिया कन्या विवाह योजना का लाभ**





**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने अपनी स्वघोषित योजना के परिपालन में अक्षय तृतीया पर गांव की तीन बेटियों को फिर कन्या विवाह योजना का लाभ दिया। सरपंच भामिनी ने अपने महिला पंचों ईशा धीवर (गंगा), हेमा (जमुना) साहू तथा सरस्वती साहू को साथ लेकर गांव की तीन बेटियां दामिनी माता कल्याणी हरी धीवर, बिंदिया माता कामिनी दिलीप निर्मलकर तथा त्रिवेणी माता लक्ष्मी लेखराम चंद्राकर को अक्षय तृतीया पर अपनी बेटी विवाह योजना का लाभ प्रदान करते हुए प्रत्येक को 1105 रुपए की राशि टिकावन स्वरूप भेंट किया। सरपंच भामिनी चंद्राकर की इस योजना के क्रियान्वयन से बेटियों के ससुराल पक्ष भी प्रभावित तथा प्रफुल्लित है।

### कांग्रेस हमेशा छत्तीसगढ़ के विकास विरोधी रही : अलका



**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के नाम पर सिर्फ झूठे वाहवाही लेने का काम की है। स्कूल के लिए राज्य शासन द्वारा कोई बजट स्वीकृत नहीं किया गया, बल्कि गोठान, गोबर, शराब, कोयला की भांति आत्मानंद स्कूल को भ्रष्टाचार का केंद्र बना कर रखी, तभी तो डीएमएफ फंड से स्कूल के लिए राशि स्वीकृत कर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर प्रदेश ने कहा पीएमश्री स्कूल खुलने से आज शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता संसाधन में बढ़ोतरी होने से सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा। छात्रों को विशेष सुविधा मिलेगी। ग्रामीण बच्चों, महानगरों की स्कूलों के बच्चों के समक्ष तैयार होकर निकलेंगे, यही है पीएमश्री योजना। स्वामी आत्मानंद स्कूल का नाम ना बदलकर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल रखा जाएगा। प्रधानमंत्री स्कूल्स ऑफ राइजिंग इंडिया भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत हर विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल को विकसित कर प्रत्येक स्कूल के लिए दो करोड़ रूपया आवंटित कर सभी संसाधनों से युक्त किया जाएगा। अलका ने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर बढ़ता नहीं देखना चाहती। क्योंकि, शिक्षा का स्तर बढ़ेगा तो कांग्रेस विलुप्त होते जाएगी। कांग्रेस ने हमेशा केंद्र के जनहितकार्यों का विरोध किया है, चाहे प्रधानमंत्री आवास रोकने का मामला हो या जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल पहुंचने का मामला हो, चाहे गरीबों को मुफ्त राशन देने का मामला हो। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में सैकड़ों की संख्या में पीएमश्री स्कूल खोलने का झूठा प्रलाप ना करें एवं जनता को गुमराह ना करें।

